# यूपी निवेश का बेहतरीन गंतव्य

## लाहौरी जीरा के सह-संस्थापक निखिल डोडा बोले, लखनऊ समेत तीन नई फैक्टरियां लगाएंगे

आशीष गुप्ता

**लखनऊ।** यूपी में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधरने से निवेशकों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। मशहूर बेवरेज ब्रांड लाहौरी जीरा के सह-संस्थापक निखिल डोडा ने बताया कि कंपनी का 20% राजस्व सिर्फ यूपी से आता है, इसलिए अब वे लखनऊ समेत प्रदेश में तीन फैक्टरियां स्थापित कर रहे हैं।

**20% राजस्व यूपी से आता है कंपनी का**

गोमतीनगर स्थित होटल में आयोजित 'बिल्डिंग डिसरप्टिव एंड आइकॉनिक ब्रांड' सम्मेलन में उन्होंने बताया कि कुर्सी रोड स्थित फैक्टरी में अगले साल से उत्पादन शुरू होगा। बनारस और आगरा में भी नई इकाइयों की तैयारी चल रही है। उन्होंने यूपी को 'देश का सबसे तेजी से उभरता उद्यमी राज्य' बताया। ब्रांडिंग में लगातार टिके रहना जरूरी है। हमने पहले सिर्फ नॉर्थ इंडिया टारगेट किया, फिर पैन-इंडिया पहुंचे। किसी भी उत्पाद को सीधे ग्राहकों तक ले जाने से पहले डीलर-डिस्ट्रीब्यूटर का भरोसा जीतना जरूरी है। लाहौरी नमक के स्वाद से प्रेरित होकर ब्रांड का नाम लाहौरी जीरा रखा गया, जिसे शानदार रिस्पॉन्स मिला।




सम्मेलन में मौजूद द बिग होटल स्टोर के को-फाउंडर सुलभ अग्रवाल, लाहौरी जीरा के सह-संस्थापक निखिल डोडा और बीओडी कंसल्टिंग के ब्रांडिंग विशेषज्ञ सौरभ ओवेजा। -संवाद

**■ उत्पाद से ब्रांड बनने की प्रक्रिया कभी खत्म नहीं होती :** कार्यक्रम के मैनेजिंग पार्टनर और बीओडी कंसल्टिंग के ब्रांडिंग विशेषज्ञ सौरभ ओवेजा ने कहा कि हर उत्पाद हिट नहीं होता, इसलिए वही आगे बढ़ाइए जिसमें दम हो। हजार साल पहले ऋषि च्यवन के नाम पर भी ब्रांडिंग हुई। यानी पहचान और विश्वास ही ब्रांड की नींव है। अच्छी टीम और सही वैल्यूज ब्रांड की सबसे पहली जरूरत हैं। सत्र का संचालन द बिग होटल स्टोर के को-फाउंडर सुलभ अग्रवाल ने किया। अंत में टाई लखनऊ के अध्यक्ष प्रनव अग्रवाल ने अतिथियों का सम्मान किया। (संवाद)